टिप्पणी

209sk02

# 2

# प्रेरणा

एक छोटी सी घटना किस प्रकार मानव को प्रेरणा प्रदान करती है, इसका सजीव उदाहरण है प्रस्तुत कथा 'प्रेरणा'। इस कथा में बंगप्रदेश के एक श्रेष्ठ विद्वान् बोपदेव के बाल्यकाल की एक घटना का वर्णन है।

श्री बोपदेव अपने शिक्षाकाल में मन्दबुद्धि छात्र थे। एक दिन कुंए के पास की चट्टान पर प्रतिदिन घड़ा रखने के कारण बने गड्ढे को देखकर उनके मन में विचार आया कि यदि कठोर पत्थर पर गड्ढा बन सकता है, तो मैं क्यों परिश्रम एवं अभ्यास के द्वारा अपने मस्तिष्क को सबल नहीं बना सकता। इसके अनन्तर उन्होंने इस विचार को कार्यरूप में परिणत कर दिखाया और श्रेष्ठ विद्वान् के रूप में ख्याति अर्जित की।

## उद्देश्यानि

**पाठं पठित्वा भवान्/भवती**

- कथागतघटनाः क्रमेण लेखिष्यति;
- पाठगतानां पदानां समानार्थकानि पदानि लेखिष्यति;
- पाठसम्बद्धप्रश्नानां संस्कृतेन उत्तरं प्रदास्यति;
- पाठस्य सारं स्वशब्देषु व्यक्तीकरिष्यति;
- अकारान्तपुँल्लिङ्ग-आकारान्तस्त्रीलिङ्गशब्दानां रूपेषु विभेदं करिष्यति;
- वर्णविश्लेषणं वर्णसंश्लेषणं च करिष्यति;
- लट्लृट्लकारयोः रूपभेदं ज्ञात्वा वाक्येषु प्रयोगं करिष्यति।

टिप्पणी

## क्रियाकलापः 2.1

प्रथमः सैनिकः– अहो एषा पिपीलिका धन्या।
पुनः पुनः पतति, पुनः पुनः आरोहति।

द्वितीयः सैनिकः– आम् पश्यामि। वयम् तु पराजिताः। अस्माकं समीपे तु किमपि नास्ति।

प्रथमः सैनिकः– किं न पश्यसि? एषा पिपीलिका नः किं शिक्षयति?

द्वितीयः सैनिकः– किं शिक्षयति?

प्रथमः सैनिकः– एषा शिक्षयति यत् यदि प्रथमः प्रयासः सफलः न भवति तदा पुनः पुनः प्रयासः करणीयः।

द्वितीयः सैनिकः– अहो सत्यम्। वयं मनुष्याः भूत्वा अपि निरुत्साहाः भवामः। एषा पिपीलिका तु मनोबलेन सफला भवति।

प्रथमः सैनिकः– तर्हि उत्तिष्ठ, गच्छामः वयं देशरक्षणाय।



**चित्र 2.1: चींटीयों को गिरते हुए देखता सैनिक**



**चित्र 2.2: दीवार पर चींटीयों को चढ़ते हुए देखता हुआ सैनिक**

## 2.1 इदानीं मूलपाठं पठामः

**प्रथमः एकांशः**

आसीद् बंगदेशे बोपदेवः नाम कश्चिद् बालकः। सः विद्यालये पाठ्यविषयाणाम् अवबोधने स्मरणे च नितान्तम् असमर्थः आसीत्। असौ प्रायः चिन्तयति स्म यत् अन्ये छात्राः सर्वान् विषयान् शीघ्रं अवगच्छन्ति, लिखन्ति स्मरन्ति च किन्तु मन्दबुद्धिः अहं तान् न अवगच्छामि। किमर्थम् अहम् अत्र समयं वृथा नाशयामि।

**शब्दार्थाः**
आसीत् = था, कश्चित् = कोई, अवबोधने = समझने में, स्मरणे = याद करने में, नितान्तम् = बिल्कुल, असौ = वह, शीघ्रम् = जल्दी, अवगच्छन्ति = समझते हैं,

एकदा सः परीक्षायां सफलः न अभवत् विद्यालयात् च बहिः निरगच्छत्। मार्गे एकः कूपः आसीत्। कूपसमीपे एकः विशालः शिलाखण्डः आसीत्। शिलाखण्डे अनेके लघुगर्ताः आसन्। अनेकाः महिलाः कूपजलेन घटान् पूरयन्ति स्म। बोपदेवः तत्र अतिष्ठत्, एकां महिलां च अपृच्छत्, मातः! एतान् सुन्दरान् गर्तान् कः अरचयत्? सा उच्चैः हसति वदति च, भो बालक! वयमत्र प्रतिदिनं घटान् स्थापयामः। घटानां स्थापनेन एते गर्ताः जाताः। कश्चित् कर्मकरः एतेषां निर्माता नास्ति।

**द्वितीयः एकांशः**

बोपदेवः विचारमग्नः अभवत्–यदि कठोरायां शिलायां कोमलैः घटैः गर्ताः भवन्ति तर्हि पुनः पुनः अभ्यासेन कथम् अहं विषयान् न अवगमिष्यामि। अहमपि मनोयोगेन पठिष्यामि, लेखिष्यामि, स्मरिष्यामि कुशाग्रबुद्धिः च भविष्यामि।

ततः बालकः बोपदेवः प्रसन्नेन मनसा विद्यालयम् आगच्छति अवहितेन मनसा पाठं पठति, लिखति स्मरति च। छात्रैः सह चर्चामपि करोति। क्रमशः तस्य बुद्धिः विकासं प्राप्नोति। अध्यापकाः तस्मिन् स्नेहम् अकुर्वन् छात्राः च तस्य सम्मानम् अकुर्वन्। कालान्तरे सः महान् विद्वान् अभवत् बालानां सुखबोधाय च मुग्ध-बोधव्याकरणम् अरचयत्।

**टिप्पणी**

मन्दबुद्धिः = कम अक्ल वाला, अवगच्छामि = समझता हूँ, नूनम् = अवश्य, मम = मेरे, किमर्थम् = क्यों, किसलिए, वृथा = बेकार, अत्र = यहाँ, एकदा = एक बार, बहिः = बाहर, निरगच्छत् = निकला, चला गया, कूपः = कुआँ, शिलाखण्डः = पत्थर की चट्टान, लघु = छोटे, गर्ताः = गड्ढे, घटान् = घड़ों को, पूरयन्ति स्म = भर रही थीं, अतिष्ठत् = ठहर गया, अपृच्छत् = पूछा, कः = किसने, अरचयत् = बनाया,

उच्चैः = जोर से, स्थापयामः = रखती हैं, स्थापनेन = रखने से, कर्मकरः = मजदूर, एतेषाम् = इनका, तर्हि = तो, कथम् = कैसे, पुनः = फिर, दुबारा। अवगमिष्यामि = समझूँगा, मनोयोगेन = मन लगा कर, पठिष्यामि = पढ़ूँगा, कुशाग्रबुद्धिः = तेज बुद्धि वाला, ततः = तब, इसके बाद, प्रसन्नेन मनसा = प्रसन्न मन से, सह = साथ, क्रमशः = धीरे धीरे, एवम् = इस प्रकार, तस्मिन् = उसमें, उस पर, तस्य = उसका, अकुर्वन् = करने लगे, कालान्तरे = समय बीतने पर, सुखबोधाय = आसानी से समझने के लिए, अरचयत् = बनाया,

## बोधप्रश्नाः

1. **कोष्ठकात् शुद्धम् उत्तरं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत।**

   (क) एकदा बोपदेवः परीक्षायां विफलो भूत्वा ................ बहिः निरगच्छत्। (गृहात्/विद्यालयात्)

   (ख) कूपसमीपे एकः ................ शिलाखण्डः आसीत्। (विशालः/लघुः)

   (ग) बोपदेवः अपश्यत् यत् ................ जलेन घटान् पूरयन्ति। (अनेके पुरुषाः/अनेकाः महिलाः)

   (घ) मातः! एतान् सुन्दरान्................ कः अरचयत्। (गर्ताः/गर्तान्)

2. **'अ' स्तम्भस्य वाक्यानि 'क' स्तम्भस्य वाक्यैः सह योजयत।**

| | अ | | क |
|---|---|---|---|
| क. | एकदा स परीक्षायां | 1. | विकासं प्राप्नोति। |
| ख. | अनेकाः महिलाः | 2. | तस्य सुबोधाः अभवन्। |

टिप्पणी

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग. | वयम् अत्र | 3. | सफल: न अभवत्। |
| घ. | तस्य बुद्धि: | 4. | कूपजलेन घटान् पूरयन्ति स्म। |
| ङ. | कठिनविषया अपि | 5. | प्रतिदिनं घटान् स्थापयाम:। |

आइए, अब हम इस पाठ को समझने का प्रयत्न करें। यह पाठ दो एकांशों में विभक्त है। हम पहले प्रथम एकांश की चर्चा करेंगे। आप एक बार फिर से इस एकांश को पढ़ लें।

## 2.2 अधुना पाठम् अवगच्छाम:

### 2.2.1 प्रथम: एकांश:

आसीद् बंगप्रदेशे ........................ निर्माता नास्ति।

### व्याख्या: टिप्पण्यश्च

(i). *असौ प्राय: चिन्तयति स्म* = वह प्राय: सोचता था

जब तक कोई विषय ठीक तरह से समझ में न आए, उसको स्मरण करना कठिन होता है। बालक बोपदेव की यही दशा थी। वह प्राय: सोचता था कि मेरे साथी सब विषयों को समझ लेते हैं, उन्हें लिखते और याद करते हैं। परन्तु मुझे तो कुछ भी समझ में नहीं आता है। निश्चय ही मेरी बुद्धि कमजोर है।

(ii). *मम भाग्ये विद्या नास्ति* = मेरे भाग्य में विद्या नहीं है।

निराश व्यक्ति अपना सारा दोष भाग्य के माथे मढ़ देता है। बोपदेव ने भी ऐसा ही किया। जब उसे किसी कारणवश पाठ्य विषय समझने में कठिनाई होने लगी तो उसने मान लिया कि मेरे भाग्य में विद्या पढ़ना नहीं लिखा है। किन्तु वास्तविकता यह नहीं है। परिश्रम से सब सम्भव है।

(iii). *कश्चित् कर्मकर:* एतेषां निर्माता नास्ति = कोई कारीगर इन्हें बनाने वाला नहीं है।

कुशल कारीगर मिट्टी, पत्थर, लोहा, सोना, चाँदी आदि को सुंदर एवं मनचाहा रूप प्रदान करते हैं। अत: बोपदेव ने सोचा कि शिला पर इन गड्ढों को भी किसी कारीगर ने बनाया होगा। कुएं के पास ही शिला पर जो गड्ढे बने थे, वे प्रतिदिन घड़ों के रखने से स्वत: बन गए थे, उन्हें किसी कारीगर ने तराश कर नहीं बनाया था।

### व्याकरणबिन्दव:

(i) निम्नलिखित शब्दों के प्रयोगों को ध्यान से देखिए और इनके मूलरूप को पहचानिये–

बोपदेव: (बोपदेव), बालक: (बालक), असमर्थ: (असमर्थ), एक: (एक), कूप:





(कूप), विशाल: (विशाल), शिलाखण्ड: (शिलाखण्ड), कर्मकर: (कर्मकर), सफल: (सफल)

(क) ये सभी शब्द कोष्ठक में दिये गये शब्दों के प्रथमा विभक्ति के एकवचन के रूप हैं। इनमें से कुछ संज्ञा पद हैं और कुछ विशेषण जैसे एक: कूप: = एक कुआँ। यहाँ 'कूप:' यह संज्ञा पद है तथा 'एक': यह विशेषण।

असमर्थ: बालक: = असमर्थ बालक

विशाल: शिलाखण्ड: = विशाल खिलाखण्ड

विशेषण में विशेष्य के अनुसार ही विभक्ति वचन एवं लिङ्ग का प्रयोग किया जाता है।

(ख) ये सभी शब्द अकारान्त हैं क्योंकि इनके अंत में 'अ' स्वर है। ये सभी शब्द पुँल्लिङ्ग में हैं।

(ii) निम्नलिखित शब्द प्रथमा विभक्ति के बहुवचनान्त रूप हैं जैसे छात्रा: (छात्र), लघुगर्ता: (लघुगर्त)

(iii) अकारान्त शब्दों के द्वितीया विभक्ति में बहुवचन में रूप पढ़कर इनकी तुलना कीजिए–

| प्रथमा बहुवचन | द्वितीया बहुवचन |
|---|---|
| छात्रा: (छात्र) | छात्रान् (छात्रों को) |
| घटा: (घड़े) | घटान् (घड़ों को) |
| गर्ता: (गड्ढे) | गर्तान् (गड्ढों को) |
| सुन्दरा: गर्ता: (सुंदर गड्ढे) | सुन्दरान् गर्तान् (सुन्दर गड्ढों को) |

(iv) अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के अन्य विभक्तियों में रूप देखिए और समझिये।

| | |
|---|---|
| विद्यालयात् (विद्यालय) | पञ्चमी एकवचन (विद्यालय से) |
| विषयाणाम् (विषय) | षष्ठी बहुवचन (विषयों के) |
| घटानाम् (घट) | षष्ठी बहुवचन (घड़ों के) |
| सप्तमी एकवचने | |
| बंगप्रदेशे (बंगप्रदेश) | बंगप्रदेश में |
| विद्यालये (विद्यालय) | विद्यालय में |
| मार्गे (मार्ग) | मार्ग में |
| शिलाखण्डे (शिलाखण्ड) | शिलाखण्ड पर |



टिप्पणी

(v) नपुंसकलिङ्ग में शब्दों के रूप पुँल्लिङ्ग शब्दों के रूपों से केवल प्रथमा और द्वितीया विभक्ति में ही भिन्न होते हैं, अन्य विभक्तियों में नहीं।

निम्नलिखित शब्द सप्तमी एकवचन में ही हैं पर इनके मूल शब्दों का लिङ्ग नपुंसकलिङ्ग है।

| | |
|---|---|
| अवबोधनम् (समझना) | अवबोधने (समझने में) |
| भाग्यम् (भाग्य) | भाग्ये (भाग्य में) |
| जलम् (जल, पानी) | जले (जल में) |

तृतीया एकवचन जलेन (जल से)

(vi) अब आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूपों को देखिए–

प्रथमा विभक्ति बहुवचन

अनेका: (अनेक–अनेका:)= बहुत सी (विशेषण)

महिला: (महिला) = महिलाएँ (विशेष्य)

सप्तमी एकवचन

शिलायाम् (शिला) = शिला पर।

परीक्षायाम् (परीक्षा) = परीक्षा में।।

(vii) अब कुछ धातुओं के वर्तमान काल में, लट् लकार में प्रयुक्त क्रियापदों को समझें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| हसति | हस् | प्रथमपुरुष एकवचन | हँसता है। (वह) |
| वदति | वद् | प्रथमपुरुष एकवचन | कहता है। |
| अवगच्छन्ति | अव + गम् | प्रथमपुरुष बहुवचन | समझते हैं। |
| लिखन्ति | लिख् | प्रथमपुरुष बहुवचन | लिखते हैं |
| स्मरन्ति | स्मृ | प्रथमपुरुष बहुवचन | याद करते हैं। |

(viii) सर्वनामशब्दा:

सर्वनामशब्दों के रूप अकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्दों के रूपों से कई विभक्तियों और वचनों में भिन्न होते हैं। जैसे–

| | |
|---|---|
| स: | तद् (वह) पुं. प्रथमा एकवचन |
| असौ | अदस् (वह) पुं. प्रथम एकवचन |

| | |
|---|---|
| अहम् | अस्मद् (मैं) प्रथमा एकवचन |
| वयम् | अस्मद् (हम सब) प्रथमा बहुवचन |
| एतेषां | एतद् (पुल्लिंग) (इनका) षष्ठी बहुवचन |
| अन्ये छात्राः | अन्य छात्र, प्रथमा बहुवचन |
| अनेके लघुगर्ताः | अनेक गड्ढे, प्रथमा बहुवचन |
| एतान् गर्तान् | इन गड्ढों को, द्वितीया बहुवचन |

(ix) समानार्थकपदानि

| | |
|---|---|
| (i) महिला (स्त्री.) | नारी, ललना, अबला |
| (ii) जलम् (नपुं.) | वारि, नीरम्, सलिलम् |
| (iii) घटः (पुं.) | कलशः, कुम्भः, मृद्भाण्डः |
| (iv) विद्यालयः (पुं) | पाठशाला, विद्यानिकेतनम्, गुरुकुलम् |
| (v) बालकः (पुं) | बालः, माणवकः, किशोरः |

(x) स्वरों और व्यञ्जनों को जोड़ कर शब्द बनते हैं जैसे–

ब् आ ल् अ क् अः = बालकः

क् अ र् म् अ क् अ र् अः = कर्मकरः

इस प्रकार स्वर व्यञ्जनों को मिलाना संश्लेषण कहलाता है और अलग करना विश्लेषण।

## पाठगतप्रश्नाः 2.1

**1. प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृतभाषया लिखत।**

(क) बोपदेवः केषाम् अवबोधने असमर्थः आसीत्?

..........................................................................................

(ख) के सर्वान् विषयान् शीघ्रम् अवगच्छन्ति स्म?

..........................................................................................

(ग) कूपस्य समीपे कीदृशः शिलाखण्डः आसीत्?

........................................................................................................

(घ) महिलाः केन घटान् पूरयन्ति स्म?

........................................................................................................

(ङ) गर्ताः कथं जाताः?

........................................................................................................

**2. रिक्तस्थानेषु कर्तृपदानि लिखत।**

(i) ................................... पाठ्यविषयाणाम् अवबोधने असमर्थः आसीत्।

(ii) अन्ये ................................... सर्वान् विषयान् शीघ्रम् अवगच्छन्ति, लिखन्ति स्मरन्ति च।

(iii) नूनं मम भाग्ये ................................... नास्ति।

(iv) मार्गे एकः ................................... आसीत्।

(v) अनेकाः ................................... कूपजलेन घटान् पूरयन्ति स्म।

**3. रिक्तस्थानेषु क्रियापदानि पूरयत।**

(i) मन्दबुद्धिः अहम् विषयान् न ...................................।

(ii) किमर्थम् अहम् अत्र समयं वृथा ...................................।

(iii) सा उच्चैः .................., .................. च, भो, बालक! वयम् अत्र प्रतिदिनं घटान् ......................।

(iv) कश्चित् कर्मकरः एतेषां निर्माता न ...................................।

**4. किं पदं समानार्थकं नास्ति–**

महिलाशब्दस्य

(क) नारी (ख) अबला

(ग) कृष्णा (घ) ललना

**5. अधोलिखितशब्दानां वर्णविश्लेषणं कुरुत।**

(क) गर्तः = ...................................

(ख) विद्यालयः = ...................................

### 2.2.2 द्वितीयः एकांशः

***बोपदेवः विचारमग्नः .......... अरचयत्।***

### व्याख्याः टिप्पण्यश्च

(i) कठोरायां शिलायाम्- कठोर शिला पर।

पत्थर की चट्टान की तुलना में मिट्टी का घड़ा तो बहुत ही कोमल होता है और जरा सी ठोकर से टूट जाता है किन्तु उसी कोमल मिट्टी के घड़े को जब बार-बार पत्थर की चट्टान पर रखा जाता है तो शिला पर भी गड्ढे पड़ जाते हैं। इसी प्रकार बार-बार अभ्यास से मंद से मंद बुद्धि भी तीव्र हो जाती है। छोटी छोटी घटनाएं जीवन में कई बार अद्भुत प्रेरणा का स्रोत बन जाती हैं जैसे उपर्युक्त चित्र में चींटी के परिश्रम को देख कर सैनिक उत्साह से भर उठता है।

(ii) कुशाग्रबुद्धि - तीव्र बुद्धि

किसी विषय को पढ़कर या सुन कर कुछ लोग तुरंत समझ लेते हैं और अपने शब्दों में अभिव्यक्त कर सकते हैं। ऐसे लोगों को कुशाग्रबुद्धि कहा जाता है। प्रेरणा शीर्षक पाठ में बोपदेव भी शिलातल पर बने गड्ढे से प्रेरणा पाकर अपने सहपाठियों के समान कुशाग्रबुद्धि छात्र बनना चाहता है।

(iii) तस्य बुद्धिः विकासं प्राप्नोति- उसकी बुद्धि विकसित हो जाती है।

जब किसी विषय पर मन लगाकर चिन्तन किया जाता है और बार बार इसकी आवृत्ति की जाती है तो कठिन विषय भी स्पष्ट होने लगता है और धीरे धीरे चिन्तन शक्ति का विकास हो जाता है। छात्र ध्यानपूर्वक पढ़ने, लिखने, सोचकर याद करने तथा अन्य साथियों के साथ उस विषय पर चर्चा करने से अपनी बुद्धि का विकास कर सकते हैं।

### व्याकरणबिन्दवः

(i) निम्नलिखित शब्दों का पदपरिचय समझिये-

| | | |
|---|---|---|
| विचारमग्नः (वि.) (विचारमग्न), | प्रथमा एकवचन | (विचारमग्न) |
| मनोयोगेन (मनोयोग) | तृतीया एकवचन | (मनोयोग से) |
| प्रसन्नेन (प्रसन्न) | तृतीया एकवचन, | (प्रसन्न मन से) |
| अवहितेन (नपुं.) (ध्यान) | तृतीया एकवचन | (ध्यान से) |
| मनसा (मनस्) | तृतीया एकवचन, | (मन के द्वारा) |
| छात्रैः सह (छात्र) | तृतीया बहुवचन | (छात्रों के साथ) |

'सह' अव्यय के योग में तृतीया विभक्ति का प्रयोग किया जाता है।

कालान्तरे (कालान्तर) सप्तमी एकवचन (कालान्तर में)

(ii) सर्वनाम शब्दों का प्रयोग:

तस्मिन् (पुं) (तत्) सप्तमी एकवचन- उसमें

(iii) लृट् लकार (भविष्यत् काल) की क्रियाओं को देखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अवगमिष्यामि | अव | + | गम्, लृट्, | उत्तम पु., एकवचने, | (मैं) समझूँगा |
| पठिष्यामि | पठ् | + | लृट्, | उत्तम पु., एकवचने, | पढ़ूँगा |
| लेखिष्यामि | लिख् | + | लृट्, | उत्तम पु., एकवचने, | लिखूँगा |
| स्मरिष्यामि | स्मृ | + | लृट्, | उत्तम पु., एकवचने, | याद करूँगा |
| भविष्यामि | भू | + | लृट्, | उत्तम पु., एकवचने, | बनूँगा, होऊँगा |

(iv) इनके वर्तमान काल में रूप होंगे-

| | |
|---|---|
| अवगमिष्यामि | अवगच्छामि |
| पठिष्यामि | पठामि |
| लेखिष्यामि | लिखामि |
| स्मरिष्यामि | स्मरामि |
| भविष्यामि | भवामि |

(v) अव्यय

जिन शब्दों के रूप नहीं चलते उन्हें अव्यय कहते हैं। इस पाठ में निम्नलिखित पद अव्यय हैं। ये शब्द सर्वदा इसी रूप में प्रयुक्त होंगे। इनके रूपों में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

च (और), प्राय: (अक्सर), यत् (कि), शीघ्रं (जल्दी), किन्तु (परन्तु), न (नहीं), नूनम् (निश्चय ही), अत्र (यहाँ), वृथा (व्यर्थ), एकदा (एकबार), बहि: (बाहर), तत्र (वहाँ), उच्चै: (जोर से), यदि (अगर), तर्हि (तो), पुन: पुन: (बार बार), कथम् (कैसे), अपि (भी), तत: (इसके बाद, तदनन्तर), सह (साथ)।

## पाठगतप्रश्ना: 2.2

**1. संस्कृतेन उत्तराणि लिखत।**

(क) महिला: निजघटान् कुत्र स्थापयन्ति स्म?

........................................................................................................

(ख) छात्रः कुशाग्रबुद्धिः कथं भवति?

.............................................................................................

(ग) बोपदेवः केषां सुखबोधाय व्याकरणम् अरचयत्?

.............................................................................................

(घ) पाषाणशिलायां गर्ताः कथं जाताः?

.............................................................................................

(ङ) 'अहं मनोयोगेन पठिष्यामि इति कः कथयति?

.............................................................................................

**2. मञ्जूषातः उचितं कर्तृपदं चित्वा वाक्यानि पूरयत।**

(क) ........................................ ध्यानेन पठिष्यामि।

(ख) कश्चित् ............................. गर्तानां निर्माता नास्ति।

(ग) मम भाग्ये ............................ नास्ति।

(घ) तत्र .................................... जलेन घटान् पूरयन्ति स्म।

(ङ) कठिनाः .......................... सुबोधाः अभवन्।

**मञ्जूषा**

| |
|---|
| कर्मकरः, महिलाः, अहम्, विद्या, विषयाः |

**3. 'क' स्तम्भस्य विशेषणानि 'ख' स्तम्भस्य विशेष्यैः सह योजयत**

| 'क' (विशेषणानि) | 'ख' (विशेष्याणि) |
|---|---|
| क. महान् | 1. घटैः |
| ख. कठोरायाम् | 2. मनसा |
| ग. कोमलैः | 3. विषयाः |
| घ. प्रसन्नेन | 4. शिलायाम् |
| ङ. कठिनाः | 5. विद्वान् |

## किमधिगतम्

- परिश्रमेण निर्बुद्धिः अपि कुशाग्रबुद्धिः भवति।
- अकारान्त - आकारान्तशब्दानां प्रयोगे भेदः भवति यथा– वृक्षस्य/लतायाः, बालके/महिलायाम्।
- विशेष्यपदानुसारमेव विशेषणपदानां लिङ्गम्, वचनं विभक्तिश्च भवति।
- अव्ययपदानां स्वरूपे परिवर्तनं न भवति।
- पदानां विश्लेषणे स्वरव्यञ्जनवर्णानां पृथक् करणम् भवति।
- पदानां संश्लेषणे स्वराणां व्यञ्जनानाञ्च संयोजनं भवति।
- वाक्येषु कर्तृपदानुसारं क्रियापदस्य प्रयोगः भवति।
- सर्वनामशब्दानां रूपाणि संज्ञाशब्दानां रूपेभ्यः कुत्रचित् भिन्नानि भवन्ति।

## योग्यताविस्तारः

**(i) *लेखकपरिचयः***

प्रस्तुत पाठ के लेखक कविरत्न श्री ओमप्रकाश ठाकुर हैं। ये दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में बहुत दिनों तक कार्यरत थे। वर्तमान में उप-आचार्य पद से सेवानिवृत्त होकर दिल्ली में ही सरस्वती की साधना में लगे रहते हैं। इनकी अन्य रचनाएँ हैं- गीतिमञ्जरी, इन्द्रधनुः, नीतिकथामकरन्दः, कथामन्दाकिनी, प्रेरणापारिजातम्, तेनालीरामकथाः, गुलिस्तां-

**(ii) *भावविस्तारः***

इसी पाठ से प्राप्त प्रेरणा से सम्बद्ध अन्य सूक्तियाँ पढ़िये-

कृतं मे दक्षिणे-हस्ते जयो मे सव्य आहितः।

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।

स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।

उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः।

टिप्पणी

**प्रेरणा**

नास्ति उद्यमसमो बन्धुः।

प्रारब्धमुत्तमगुणाः न परित्यजन्ति।

दैवेन देयमिति कापुरुषाः वदन्ति।

दैवमविद्वांसःप्रमाणयन्ति।

**(iii)** ***भाषाविस्तारः***

**शब्दरूप**

अकारान्त पुँल्लिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग और आकारान्त स्त्रीलिङ्ग, शब्दों के रूपों में कहाँ–कहाँ भेद होता है, इसे समझने का प्रयास कीजिए।

***अकारान्तपुँल्लिङ्गशब्द-देव***

| कारकम् | विभक्तिः | एकवचनम् | द्विवचनम् | बहुवचनम् |
|---|---|---|---|---|
| कर्ता | प्रथमा | देवः | देवौ | देवाः |
| | | एक देव | दो देव | दो से अधिक देव |
| | | एक देव ने | दो देवों ने | अनेक देवों ने |
| कर्म | द्वितीया | देवम् | देवौ | देवान् |
| | | एक देव को | दो देवों को | सब देवों को |
| करण | तृतीया | देवेन | देवाभ्याम् | देवैः |
| | | एक देव से | दो देवों से | सब देवों से |
| सम्प्रदान | चतुर्थी | देवाय | देवाभ्याम् | देवेभ्यः |
| | | एक देव के लिए, | दो देवों के लिए, | सब देवों के लिए |
| अपादान | पंचमी | देवात् | देवाभ्याम् | देवेभ्यः |
| | | एक देव से | दो देवों से | सब देवों से |
| सम्बन्ध | षष्ठी | देवस्य | देवयोः | देवानाम् |
| | | एक देव का | दो देवों का | सब देवों का |
| अधिकरण | सप्तमी | देवे | देवयोः | देवेषु |
| | | एक देव में/पर | दो देवों में/पर | सब देवों में/पर |
| सम्बोधन | प्रथमा | हे देव! | हे देवौ! | हे देवाः! |
| | | हे देव! | हे दो देवो! | हे सब देवो! |

### *आकारान्तस्त्रीलिङ्गशब्द– लता*

| कारकम् | विभक्तिः | एकवचनम् | द्विवचनम् | बहुवचनम् |
|---|---|---|---|---|
| कर्ता | प्रथमा | लता | लते | लताः |
| कर्म | द्वितीया | लताम् | लते | लताः |
| करण | तृतीया | लतया | लताभ्याम् | लताभिः |
| सम्प्रदान | चतुर्थी | लतायै | लताभ्याम् | लताभ्यः |
| अपादान | पंचमी | लतायाः | लताभ्याम् | लताभ्यः |
| सम्बन्ध | षष्ठी | लतायाः | लतयोः | लतानाम् |
| अधिकरण | सप्तमी | लतायाम् | लतयोः | लतासु |
| सम्बोधन | प्रथमा | हे लते! | हे लते! | हे लताः! |

### *अकारान्तनपुंसकलिङ्गशब्द– फल*

| कारकम् | विभक्तिः | एकवचनम् | द्विवचनम् | बहुवचनम् |
|---|---|---|---|---|
| कर्ता | प्रथमा | फलम् | फले | फलानि |
| कर्म | द्वितीया | फलम् | फले | फलानि |
| करण | तृतीया | फलेन | फलाभ्याम् | फलैः |
| अपादान | चतुर्थी | फलाय | फलाभ्याम् | फलेभ्यः |
| संबंध | पंचमी | फलात् | फलाभ्याम् | फलेभ्यः |
| सम्बन्ध | षष्ठी | फलस्य | फलयोः | फलानाम् |
| अधिकरण | सप्तमी | फले | फलयोः | फलेषु |
| सम्बोधन | प्रथमा | हे फल! | हे फले! | हे फलानि! |

*ज्ञातव्य*

इस प्रकार अकारान्त किसी भी शब्द के पुँल्लिङ्ग अथवा नपुंसकलिङ्ग में शब्दरूप बनाए जा सकते हैं जैसे– बालक, वृक्ष, खग, मृग आदि पुँल्लिङ्ग, पुस्तक, भवन, वन आदि नपुंसक लिङ्ग तथा बालिका रमा, शोभा आदि स्त्रीलिङ्ग के शब्दों के रूप उपर्युक्त प्रकार से बनाए जा सकते हैं। संस्कृत में विभक्तियों का प्रयोग कारक के अनुसार करते हैं।

टिप्पणी

## प्रेरणा

कर्तृवाच्य एवं कर्मवाच्य में शब्दों की विभक्ति को पहचानो। कर्तृवाच्य के वाक्य में कर्ता कारक में प्रथमा विभक्ति होती है तथा कर्म में द्वितीया।

'बालक': फलं खादति' (कर्तृवाच्य) वाक्य में बालक कर्ता है अत: प्रथमा विभक्ति हुई है फल कर्म है अत: द्वितीया विभक्ति हुई है।

किन्तु कर्मवाच्य के वाक्य में कर्ताकारक में तृतीया विभक्ति होती है तथा कर्म में प्रथमा जैसे– 'बालकेन वृक्ष: सिच्यते' इस कर्मवाच्य के वाक्य में 'बालक' इस कर्ता में तृतीया विभक्ति हुई है तथा 'वृक्ष' इस कर्म में प्रथमा विभक्ति।

(ग) पाठ में प्रयुक्त भ्वादिगणीय धातुएं

***भू लट्लकार (वर्तमान काल)***

| पुरुष: | एकवचनम् | द्विवचनम् | बहुवचनम् |
|---|---|---|---|
| प्रथम | भवति | भवत: | भवन्ति |
| मध्यम | भवसि | भवथ: | भवथ |
| उत्तम | भवामि | भवाव: | भवाम: |

***लृट्लकार (भविष्यत् काल)***

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम | भविष्यति | भविष्यत: | भविष्यन्ति |
| मध्यम | भविष्यसि | भविष्यथ: | भविष्यथ |
| उत्तम | भविष्यामि | भविष्याव: | भविष्याम: |

***लङ्लकार (भूतकाल)***

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम | अभवत् | अभवताम् | अभवन् |
| मध्यम | अभव: | अभवतम् | अभवत |
| उत्तम | अभवम् | अभवाव | अभवाम |

***लोट्लकार (आज्ञार्थक)***

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम पु. | भवतु | भवताम् | भवन्तु |
| मध्यम पु. | भव | भवतम् | भवत |
| उत्तम पु. | भवानि | भवाव | भवाम |

***विधिलिङ् (प्रेरणा)***

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम | भवेत् | भवेताम् | भवेयु: |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मध्यम | भवेः | भवेतम् | भवेत |
| उत्तम | भवेयम् | भवेव | भवेम |

| धातु | लट् | लृट् | लङ् | लोट् | विधिलिङ् |
|---|---|---|---|---|---|
| गम् | गच्छति | गमिष्यति | अगच्छत् | गच्छतु | गच्छेत् |
| स्मृ | स्मरति | स्मरिष्यति | अस्मरत् | स्मरतु | स्मरेत् |
| पठ् | पठति | पठिष्यति | अपठत् | पठतु | पठेत् |
| हस् | हसति | हसिष्यति | अहसत् | हसतु | हसेत् |
| वद् | वदति | वदिष्यति | अवदत् | वदतु | वदेत् |

## पाठान्तप्रश्नाः

**1. अधोलिखितानां प्रश्नानाम् उत्तराणि संस्कृतभाषया लिखत।**

क. बोपदेवः कस्मिन् प्रदेशे वसति स्म?

..........................................................................................

ख. बोपदेवेन शिलाखण्डे किं दृष्ट्वा पठनाय प्रेरणा प्राप्ता?

..........................................................................................

ग. मस्तिष्कं केन सबलं भवति?

..........................................................................................

घ. मानवः किं कृत्वा बुद्धिविकासं प्राप्नोति?

..........................................................................................

ङ. 'मम भाग्ये विद्या नास्ति' एषा उक्तिः कस्य अस्ति?

..........................................................................................

**2. अधोलिखितानां पदानाम् एकं समानार्थकपदं लिखत।**

क. महिला ............................

ख. विद्यालयः ............................

ग. जलम् ..........................

घ. बालकः ..........................

ङ. घटः ..........................

**3. पाठगतघटनानाम् उचितक्रमसंख्यां लिखत।**

क. बोपदेवः एकां महिलां गर्तविषये अपृच्छत् ( )

ख. सः मुग्धबोधव्याकरणं रचितवान् ( )

ग. बोपदेवः पठने कुशलः न आसीत् ( )

घ. अहम् अवहितेन मनसा पठिष्यामि ( )

ङ. महिला कथयति-घटस्थापनेन गर्तः जातः ( )

**4. अधोलिखितेषु- अकारान्तशब्दरूपेषु रिक्तस्थानानि पूरणीयानि ( योग्यता-विस्तारे रूपाणि द्रष्टव्यानि )**

| कारकम् | विभक्तिः | एकवचनम् | द्विवचनम् | बहुवचनम् |
|---|---|---|---|---|
| कर्ता | प्रथमा | ग्रामः | ................ | ................ |
| कर्म | द्वितीया | ................ | कपोतौ | कपोतान् |
| करण | तृतीया | ................ | वृषभाभ्याम् | ................ |
| सम्प्रदान | चतुर्थी | घटाय | ................ | ................ |
| अपादान | पंचमी | ................ | विद्यालयाभ्याम् | ................ |
| सम्बन्ध | षष्ठी | ग्रन्थस्य | ................ | ग्रन्थानाम् |
| अधिकरण | सप्तमी | ................ | शुकयोः | ................ |
| सम्बोधन | प्रथम | हे बालक! | ................ | ................ |

## उत्तरतालिका

**बोधप्रश्नाः**

1. क. विद्यालयात्, ख. विशालः, ग. अनेकाः महिलाः, घ. गर्तान्

2. क + 3, ख + 4, ग + 5, घ + 1, ङ + 2

**पाठगतप्रश्नाः 2.1**

1. क. विषयाणाम्, ख. अन्ये छात्राः, ग. विशालः, घ. कूपजलेन, ङ. घटानाम् स्थापनेन
2. (i) बोपदेवः, (ii) छात्राः, (iii) विद्या, (iv) कूपः, (v) महिलाः
3. (i) अवगच्छामि, (ii) नाशयामि, (iii) हसति, वदति, स्थापयामः, (iv) अस्ति
4. कृष्णा (यह विशेषण है, नारी का पर्याय नहीं)
5. (क) ग् + अ + र् + त् + अः

   (ख) व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अः

**पाठगतप्रश्नाः 2.2**

1. (क) विशालशिलाखण्डे (ख) अभ्यासेन/परिश्रमेण (ग) बालकानाम्

   (घ) पुनः पुनः घटानां स्थापनेन (ङ) बोपदेवः
2. (i) अहम्, (ii) कर्मकरः, (iii) विद्या, (iv) महिलाः, (v) विषयाः
3. क+5, ख+4, ग+1, घ+2, ङ+3

**पाठान्तप्रश्नाः**

1. क. बंगप्रदेशे, ख. गर्तान्, ग. मनोयोगेन/पठनेन/स्वाध्यायेन, घ. परिश्रमम्, ङ. बोपदेवस्य
2. क. नारी, ख. गुरुकुलम्, ग. नीरम्, घ. माणवकः, ङ. कलशः
3. ग, क, ङ, घ, ख
4.

| | | |
|---|---|---|
| प्रथमा | ग्रामौ | ग्रामाः |
| द्वितीया | कपोतम् | |
| तृतीया | वृषभेण | वृषभैः |
| चतुर्थी | घटाभ्याम् | घटेभ्यः |
| पंचमी | विद्यालयात् | विद्यालयेभ्यः |
| षष्ठी | ग्रन्थयोः | |
| सप्तमी | शुके | शुकेषु |
| सम्बोधन | हे बालकौ! | हे बालकाः! |